बीईसीसी 115

बीए अर्थशास्त्र (मेजर)

(BAFEC)

सत्रीय कार्य 2026-27
जुलाई 2026 और जनवरी 2027 प्रवेश चक्र के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–115
पाठ्यक्रम शीर्षक : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

बीईसीसी-115
मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र
शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
(2026–27)

कार्यक्रम कोडः बीएएफईसी

पाठ्यक्रम कोडः बीईसीसी-115

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको अर्थशास्त्र (BECC-115) में इस के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एम ए को आपको विभिन्न श्रेणियों के सवालों के ज़वाब देने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सत्रीय कार्य कों तीन भागों में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20-20 अंकों के दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10-10 अंकों के तीन प्रश्न होते हैं जबकि भाग ग में आपको 6-6 अंकों के 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि हैः

31 मार्च 2027 **जून 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए**

30 सितंबर 2027 **दिसंबर 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए**

मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–115

सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2026-27

कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

सत्रीय कार्य-1

निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। **2×20=40**

1) एक एकाधिकारी (Monopolist) किसी भी मात्रा का उत्पादन स्थिर औसत एवं सीमांत लागत पर कर सकता है, जहाँ AC = MC = 10, फर्म द्वारा सामना की जाने वाली बाजार मांग वक्र है : Q + 40 - P

   (क) आरेख की सहायता से समस्या को स्पष्ट कीजिए।

   (ख) एकाधिकारी के लाभ–अधिकतम (Profit Maximising) उत्पादन एवं मूल्य की गणना कीजिए।

   (ग) एकाधिकार के कारण समाज को होने वाली मृतभार हानि (Deadweight Loss) की गणना कीजिए।

   (घ) मान लीजिए लागत फलन बदलकर निम्न हो जाता है : $TC = Q^2 - 20Q + 100$ तो एकाधिकारी के लिए संतुलन उत्पादन एवं मूल्य क्या होंगे?

2) निम्नलिखित कॉब–डगलस (Cobb-Douglas) उत्पादन फलन पर विचार कीजिए : $Q = 10L^{0.45} K^{0.30}$ जहाँ, Q = उत्पादन, L = श्रम, K = पूंजी

   निम्नलिखित की गणना कीजिए :

   (क) श्रम एवं पूंजी की उत्पादन लोच (Output Elasticities) ज्ञात कीजिए।

   (ख) यदि श्रम में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो जाए, तो उत्पादन में कितना परिवर्तन होगा?

   (ग) यदि श्रम एवं पूंजी दोनों में 15 प्रतिशत वृद्धि हो जाए, तो उत्पादन में कितना परिवर्तन होगा?

सत्रीय कार्य-2

निम्नलिखित मध्यम श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं।3×10=30

3) आंशिक संतुलन (Partial Equilibrium) एवं सामान्य संतुलन (General Equilibrium) विश्लेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए। सामान्य संतुलन विभिन्न बाजारों के मध्य पारस्परिक निर्भरता एवं अंतर्संबंधों को ध्यान में रखता है। टिप्पणी कीजिए।

4) निम्नलिखित प्रतिफल मैट्रिक्स (Payoff Matrix) में दोनों फर्मों के लाभ अथवा हानि दर्शाए गए हैं। निर्धारित कीजिए :

फर्म B	निम्न मूल्य (Low Price)	उच्च मूल्य (High Price)
फर्म A : निम्न मूल्य	(2,2)	(4,–1)
फर्म A : उच्च मूल्य	(–1, 4)	(6, 3)

(क) यदि कोई हो, तो फर्म A की प्रमुख (Dominant) रणनीति ज्ञात कीजिए।
(ख) यदि कोई हो, तो फर्म B की प्रमुख (Dominant) रणनीति ज्ञात कीजिए।
(ग) यदि कोई शुद्ध रणनीति (Pure Strategy) नैश संतुलन (Nash Equilibrium) हो, तो उसे ज्ञात कीजिए।

5) पूर्ण प्रतियोगी (Perfect Competition) बाजार संरचना के अंतर्गत स्थिर लागत उद्योग (Constant Cost Industry) तथा बढ़ती लागत उद्योग (Increasing Cost Industry) की दीर्घकालीन आपूर्ति वक्र (Long-run Supply Curve) के आकार की व्याख्या कीजिए।

सत्रीय कार्य-3

निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। 5×6=30

6) संविदा वक्र (Contract Curve) क्या है? यह कुशल परिणामों का ज्यामितीय स्थान कैसे है? आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

7) मांग वक्र :

$$P = a - 2b$$

तथा स्थिर सीमांत लागत वक्र c के लिए स्टैकेलबर्ग मॉडल के अनुसार संतुलन, मूल्य, मात्रा एवं लाभ ज्ञात कीजिए।

8) आर्थिक दक्षता की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। क्या यह पैरेटो इष्टतमता (Pareto Optimality) के समान है?

9) कठोर वरीयता (Strict Preference) एवं कमजोर वरीयता (Weak Preference) में अंतर स्पष्ट कीजिए।

10) असममित सूचना को परिभाषित कीजिए। असममित सूचना किस प्रकार बाजार विफलता का कारण बनती है?